तापमान
अधिकतम 17.4 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 8 जनवरी 2026


12 कड़ाके की सर्दी ने लोगों की करवाई न, जनजीवन ...


12 करीब 99 लाख की लागत से कई विकास कार्यों का ...

## खबर संक्षेप

### माथा टेककर लौट रही महिला को ट्रक ने कुचला




**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में पटियाला रोड पर ट्रक ने महिला को कुचल दिया। कुचले जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ अरुणाय मंदिर में माथा टेककर घर लौट रही थी, रास्ते में बेटा बाइक रोककर मूंगफली खरीदने के लिए सामने की दुकान पर चला गया, इसी दौरान हादसा हो गया। मृतक महिला की पहचान की रणजीत कौर (40) निवासी जुरासी खुर्द के रूप में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी की एक कॉलोनी से युवक अपनी मां के साथ मिलकर युवती को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर आरोपी युवक व उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की 31 दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी।

### सिंगापुर भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 3.80 लाख

**यमुनानगर।** वर्क परमिट पर सिंगापुर भेजने के नाम पर शहर की बुटर विहार कॉलोनी निवासी अभय चहल से तीन लाख 80 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप विशाल पाल नामक युवक पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बुटर बिहार निवासी अभय चहल ने फर्कपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। जुलाई 2025 में उसकी मुलाकात विशाल पाल के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह कई लोगों को विदेश भेज चुका है। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देगा।

### पानीपतः बिजली निगम का ट्रांसफार्मर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव पुठर निवासी किसान परमजीत के खेत से चोरों ने 25 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर कर लिया। चोरों ने चार जनवरी की रात को चोरी की। इधर, परमजीत की सूचना पर एसडीओ बिजली निगम इसराना सब डिवीजन ने घटनास्थल जांचा। एसडीओ की शिकायत पर जहां इसराना थाना पुलिस ने घटनास्थल जांच अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया, वहीं बिजली निगम के उच्चाधिकारियों को भी ट्रांसफार्मर चोरी होने की लिखित जानकारी दे दही है।


## मुख्यमंत्री ने किया केयू के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन

# संस्कृति, शिक्षा, शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा केयू

*कई वर्षों से कुवि अपने कैलेंडर के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कृति का कर रहा है प्रचार-प्रसार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी ने गुरुग्राम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वार्षिक कैलेंडर एवं धरोहर हरियाणा संग्रहालय के टेबल कैलेंडर का विमोचन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, संस्कृति सहित खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले अनेक वर्षों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने कैलेंडर के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी ने कहा ये दोनों ही कैलेंडर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की साल भर की गतिविधियों का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला के संरक्षण में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।


कुरुक्षेत्र। केयू के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### लोक कला के 12 चित्र भी जारी

इसी कड़ी में केयू धरोहर कैलेंडर में हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला के 12 चित्र भी जारी किए गए हैं। इस अवसर पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य राव नरबीर सिंह के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मौजूद रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### सांस्कृतिक जड़ों को कर रहा मजबूत

सीएम के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर नवाचार और संस्कृति संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा दे रहा है, जिसका प्रतिबिंब इन कैलेंडरों में देखने को मिलता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विमोचन अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षा और शोध के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने का कार्य जारी रखेगा।

## 20 जुलाई को हुई मौत का हुआ खुलासा, केस दर्ज

# यमुनानगरः पुत्रवधू ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी कमलेश की हत्या

*हत्या के दो महीने बाद आरोपी शिवानी प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव हरगढ़ में 20 जुलाई 2025 को हुई 50 वर्षीय कमलेश की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की पुत्रवधू व उसके प्रेमी गांव मामलीवाला निवासी राजेश के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतक कमलेश के बेटे जितेंद्र सिंह की शिकायत पर दर्ज किया है। बताया जा रहा है की हत्या के दो महीने बाद आरोपी शिवानी अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव हरगढ़ निवासी जितेंद्र सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी गांव मामलीवाला यमुनानगर निवासी शिवानी के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह काम पर बाहर जाता था तो शिवानी अपने प्रेमी गांव मामलीवाला निवासी राजेश को घर पर बुलाती थी। इस बात का पता उसकी मां कमलेश को लग गया। उसकी मां ने जब शिवानी को इस बारे डांटा तो शिवानी ने अपने प्रेमी राजेश के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शिवानी ने उसे फोन करके बताया कि मां कमलेश चारपाई से गिरकर घायल हो गई थी। जिस कारण उसकी मौत हुई है। उस समय उसने मां कमलेश का संस्कार करवा दिया था। जितेंद्र ने बताया कि मां की मौत के दो महीने बाद उसकी पत्नी शिवानी अपने प्रेमी के साथ उसके घर से भाग गई। उसके जाने के बाद उन्हें जब घर की साफ सफाई करते हुए खून से लथपथ कपड़े मिले तो उन्हें अंदेशा हुआ कि उसकी मां कमलेश चारपाई से गिरने से चोटिल नहीं हुई बल्कि शिवानी व राजेश ने उसके सिर पर चोट मार कर हत्या की है। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना छप्पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

### आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा

> दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> -राजवीर सिंह सब इंस्पेक्टर, जांच अधिकारी

# महिला को कार चालक ने मारी टक्कर, मौत

**अंबाला।** मिट्ठापुर के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। महिला करीब 20 फुट तक सड़क पर घसीटती चली गई। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक महिला की पहचान मोदी भट्टे पर काम करने वाली पुष्पा के रूप में हुई है। मृतका के देवर ने बताया कि वह दवाई लेने के लिए मिट्ठापुर आई थी। जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर मारने के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी रघुबीर सिंह ने बताया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### फरार चल रहे आरोपी को काबू कर जेल भेजा

**बराड़ा।** थाना मुलाना में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी गुरदीप उर्फ लवली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत द्वारा पहले ही पीओ घोषित किया जा चुका था। पुलिस चौकी कलालटी के इंचार्ज एएसआई विश्व बंधु के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय द्वारा आरोपी को बंद सेंट्रल जेल भेजने के आदेश दिए गए जिसके बाद उसे सेंट्रल जेल भेज दिया गया। आरोपी लंबे समय से कानून से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

# एचएसजीएमसी का 104.5 करोड़ का बजट पास : जगदीश सिंह झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में बुधवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबरो ने 104 करोड़ 50 लाख 6 हजार 600 रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास किया। यह दावा करते हुए प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि बैठक में मैंबर्स ने हरियाणा कमेटी के बजट पर स्वीकृत्ति की मोहर लगाने के साथ-साथ संस्था में बलजीत सिंह दादूवाल को धर्म प्रचार चेयरमैन के पद से बर्खास्त करने पर भी सहमति जताई है। उधर, हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य दीदार सिंह नलवी ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा द्वारा बुधवार को बुलाए बजट इजलास में केवल 28 सदस्य उपस्थित हुए, जबकि कोरम 33 सदस्यों की उपस्थिति से पूरा होता है। कोरम पूरा न होने के कारण आज का बजट इजलास विफल हो गया।


कुरुक्षेत्र। हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, महासचिव अंग्रेज सिंह रानिया, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर करनैल सिंह निम्नाबाद व रूपिंदर सिंह जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कोरम पूरा नहीं, बजट इजलास रहा विफल, झींडा दें इस्तीफाः दीदार नलवी

हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य दीदार सिंह नलवी ने कहा कि बजट इजलास में केवल 28 सदस्य उपस्थित हुए, जबकि कोरम 33 सदस्यों की उपस्थिति से पूरा होता है। कोरम पूरा न होने के कारण आज का बजट इजलास विफल हो गया। गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं, नाडा साहिब (पंचकूला) में हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक आपात बैठक हुई।

### पिकअप चालक से लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस की टीम शाहपुर से लाखू बुआना रोड पर पिकअप चालक से लूट करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों मुकेश उर्फ रवि व हरीश निवासी गांव गढ़ी सरायनामदार खां सोनीपत और अमित निवासी वार्ड, को सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई।

# चोरों ने 75 हजार की नकदी, लाखों के आभूषण व अन्य सामान चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चोरों ने तीन अलग-अलग स्थानों को निशाना बनाकर 75 हजार रुपये की नजदीक, आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हरबंस पुरा कॉलोनी निवासी गीता रानी ने बताया जब वह वापस घर लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 20 हजार रुपये कैश तथा सोने पर चांदी के आभूषण गायब मिले। उधर, हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गया था। जब वह पांच जनवरी को वापस कर घर लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर घर से 55 हजार कैश तथा सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले। वहीं, हरबंस पुरा कॉलोनी निवासी दलजीत सिंह ने बताया चोरों ने दुकान से लोहे के कड़े, स्टील के कड़े, पीतल के कड़े, गर्ल पेंडल, स्टाइलिंग कैप, बढ़ाना व अन्य सामान गायब मिला।


## मौसम | गेहूं की फसल के लिए धुंध पड़ना लाभदायक : कृषि वैज्ञानिक

*नए वर्ष में लोगों को नहीं मिल रही राहत*

# बर्फीली हवा चलने और कोहरे की चादर से मौसम में बनी 'हाड़तोड़ ठंड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते चल रही बर्फीली हवा और कोहरा छाए रहने और आसमान में छाए धुंध के बादलों से नए वर्ष 2026 के सातवें दिन बुधवार को भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली है। बुधवार को मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा और बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं घरों में दुबकने को मजबूर रहे। वहीं, मौसम में कड़ाके की ठंड बढने के जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उधर, कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो अधिक धुंध पड़ना पछेती गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। बुधवार सुबह जैसे ही लोग नींद से जागे तो घना कोहरा छाया हुआ था और बर्फीली हवा चल रही थी।


यमुनानगर। बुधवार को सुबह के वक्त पड़े घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन। फोटो : हरिभूमि

### तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस पर आया

मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से बुधवार को जिला का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रह गया। जबकि एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस था।

### फसलों में होगा फुटाव

> कृषि विशेषज्ञ डॉ. रोहित ने बताया कि इन दिनों अधिक कोहरा छाया रहना पछेती गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक है। क्योंकि कोहरा छाया रहने से मौसम में ठंडक बनी रहने से पछेती गेहूं की फसल में ग्रोथ बढ़ने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गेहूं की पछेती बिजाई अधिक की जाती है। जिसे धुंध का काफी लाभ मिलेगा।



**खबर संक्षेप**

## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 18 वर्षीय युवती शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अगस्त 2025 में उसकी मुलाकात करण नामक युवक के साथ हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और उससे फोन पर बात करने लगा। आरोपी उसे शादी करने की बात कहता था। जिसके बाद वह आरोपी की बातों में आ गई। 25 अगस्त 2025 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। इस दौरान जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। अब आरोपी शादी करने से मना कर रहा है।

## जीएसटी की समस्याओं को लेकर की बैठक

**रादौर।** टैक्स बार एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को केंद्रीय माल सेवा कर कार्यालय जगाधरी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसोसिएशन के प्रधान दिनेश कत्याल अधिवक्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर जीएसटी अधिकारी भी उपस्थित हुए। बैठक में केंद्रीय जीएसटी कार्यालय में सहायक आयुक्त उपलब्ध न होने के कारण केंद्रीय माल सेवा कर कार्यालय में उपलब्ध अधीक्षक निर्मल कुमार, अमर सिंह, मृतुन्जय कुमार नरोत्तम कुमार के सम्मुख अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। बैठक में मुख्य समस्या रिफंड को लेकर थी। अधिवक्ताओं ने रिफंड को लेकर विभाग द्वारा अधिवक्ताओं की समस्या अनियमितता शामिल थी।

### जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

# अवैध खनन पर सख्ती : नए साल में 12 वाहन सीज किए

- वाहन चालकों से तीस लाख रुपये जुर्माना वसूला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नए साल में अब तक 12 वाहन सीज करके 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उक्त जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने दी।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि जिले में अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन को लेकर लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खनन विभाग के अलावा जिला टास्क फोर्स से जुड़े विभागों के अधिकारी भी इस अभियान में पुलिस की सहायता से लगातार फील्ड में कड़ी निगरानी कर रहे हैं।



**यमुनानगर।** में नए वर्ष में अब तक सीज किए गए खनिज वाहन और उनके बारे में जानकारी देते हुए पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम के सदस्य।

### जिले के 17 नाकों पर प्रतिदिन लगभग चार हजार वाहनों की चैकिंग की जा रही: डीसी

उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि नए साल के पहले सप्ताह में अब तक खनन, पुलिस व आरटीए विभाग की टीम द्वारा 12 वाहन सीज किए गए हैं। वहीं, गत 2 जनवरी 2026 से अब तक अवैध खनन में संलिप्त वाहनों पर लगभग 30 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है। जिले के 17 नाकों पर प्रतिदिन लगभग चार हजार वाहनों की चैकिंग की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि सरकार व जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई खनिज वाहन बिना ई रवाना के पाया जाता है तो उसे तुरंत कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि अवैध खनन अथवा खनिज के अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा खनन विभाग के महानिदेशक खुद समय समय पर वीसी के जरिए निर्देश देते रहते हैं। मौके पर सहायक खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग का पूरा फोकस फील्ड में चैकिंग पर रहता है। फील्ड में पुलिस विभाग का लगातार सहयोग मिल रहा है।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सफलता के दौरान दबाव में नहीं आएं विद्यार्थी: शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को प्लेसमेंट तैयारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से कालेज की प्रो. पूजा वर्मा व प्रो.पिंकी मौजूद रही। उन्होंने कार्यक्रम में सामूहिक चर्चा व बहस विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया।

प्रो. पूजा व प्रो. पिंकी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थियों को सफलता के दौरान किसी भी तरह के दबाव में नहीं आना चाहिए। विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के द्वारा अनेक विषयों जैसे डिजिटल करेंसी, एआई व भारत में ब्रेन.ड्रेन की समस्या आदि पर सामूहिक चर्चा का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ रिचा सीकरी, प्रो. जयचंद, प्रो सिमरन आदि उपस्थित रहे।

*तनाव नियंत्रित करने के टिप्स बताए*

## स्ट्रेस मैनेजमेंट अपनाकर शिक्षक बेहतर ढंग से कर सकते हैं कार्य: मनदीप कौर

- होली मदर पब्लिक स्कूल में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का हुआ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शिक्षकों के लिए बुधवार को स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ मनदीप कौर ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।

विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता मनदीप कौर ने स्ट्रेस मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में शिक्षकों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि स्ट्रेस मैनेजमेंट अपनाकर शिक्षक अपने कार्य को बेहतर ढंग से कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर तनाव के मुख्य कारण क्या हैं। तनाव का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है और इसे नियंत्रित करने के लिए किन किन उपायों को अपनाया जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में योग, ध्यान, पॉजिटिव थिंकिंग, समय प्रबंधन और संतुलित जीवनशैली जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने सभी गतिविधियों और प्रश्न उत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस इन हाउस ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों और कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने और मानसिक रूप से सशक्त बनने के उपाय समझाना रहा।



**ट्रेनिंग की सराहना की**

*बल्कि विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक और सहयोगी वातावरण भी तैयार कर सकते हैं। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्ट्रेस मैनेजमेंट हर व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। जिससे विद्यालय परिवार मानसिक रूप से सशक्त, सकारात्मक और उत्साही बना रहे।*

*प्राचार्य ने चयनित छात्रों को दी बधाई*

## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के पांच छात्रों को मिला रोजगार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्लाउड एनालॉजी सीआरएम स्पेशलिस्ट लिमिटेड की ओर से आयोजित किया गया। क्लाउड टेक्नोलोजी द्वारा आयोजित इस ड्राइव में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग सीएसई, सूचना प्रौद्योगिकी आईटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग एआईएमएल, विभाग के पांच होनहार छात्रों का चयन हुआ। विनीतए हेड एचआर एवं उनकी टीम ने लिखित परीक्षाए तकनीकी साक्षात्कारए कोडिंग टेस्ट एवं समूह चर्चा के माध्यम से पारदर्शी चयन प्रक्रिया का संचालन किया। छात्रों ने अपनी तकनीकी दक्षता एवं समस्या समाधान क्षमता से कंपनी का प्रभावित किया तथा संस्थान का मान बढ़ाया। जेएमआईटी रादौर के प्लेसमेंट प्रभारी दित्या मोंगा ने बताया कि यह चयन संस्थान के निरंतर कौशल विकास कार्यक्रमों एवं उद्योगों के साथ सशक्त संयोजन का परिणाम है। प्राचार्य डा. संजीव कुमार गर्ग ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की यह सफलता हमारे सतत सुधार के प्रयासों का प्रमाण है। हम एक्सपर्ट सेशन्स, कोडिंग वर्कशॉप्स व कंप्यूटर साइंस क्षेत्र में नई तकनीकों के अधिगम पर विशेष जोर दे रहे हैं। ये पहल विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती हैं।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हुए विद्यार्थी।

## बी.फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में सोनम विवि में तृतीय रही

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) के बी.फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पंडित बी.डी शर्मा विश्वविद्यालय ऑफ हेल्थ साइंस रोहतक द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में छात्रा सोनम ने विश्वविद्यालय स्तर पर जहां तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं, संस्थान के दो अन्य विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के टाप टेन में सातवां व नौंवा स्थान प्राप्त कर ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट का नाम रोशन किया है।

बुधवार को विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में टॉप टेन में तीन स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को संस्थान के चेयरमैन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेस नाचरौन के विद्यार्थियों ने हालहि में पंडित बी.डी शर्मा विश्वविद्यालय ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक द्वारा घोषित बी. फार्मेसी के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में उनके कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी स्तर के टॉप टेन में तीन स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि बी. फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में उनके संस्थान की छात्रा सोनम ने विश्वविद्यालय स्तर पर टॉप टेन में तृतीय, प्रियंका ने सातवां और छात्र गुरजंट ने नौवां स्थान प्राप्त कर कालेज व जिले का नाम रोशन किया है। तीनों विद्यार्थियों को यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, लगन और शैक्षणिक अनुशासन के कारण मिली है।

प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी यह सफलता तथा एक्स्ट्राकरिकुलर गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता उनके संतुलित व्यक्तित्व और संस्थान के सहयोगी शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने कहा कि ऐसे उत्कृष्ट परिणाम संस्थान के लिए गर्व का विषय हैं और यह समग्र शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के प्रति इंस्टीट्यूट की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।



**यमुनानगर।** के ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में विश्वविद्यालय स्तर पर टॉप टेन में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व अन्य।

## कला और विषय को जोड़कर पढ़ाने की तकनीकों पर ध्यान देना जरूरी: गोयल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल (चांदपुर) यमुनानगर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रुप में विषय विशेषज्ञ छवि गोयल व निशा सिन्हा ने भाग लिया। कार्यक्रम में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल समेत सीबीएसई से संबंध अन्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

मुख्य प्रशिक्षक छवि गोयल ने कार्यक्रम में शिक्षकों को ज्ञान की अवधारणा, तर्क, आलोचनात्मक चिंतन, प्रश्न करने की कला तथा विषयों को आपस में जोड़कर पढ़ाने की तकनीकों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों द्वारा नई तकनीकों के आधार पर बच्चों को पढ़ाना जरुरी है। ताकि शिक्षा को रोचक बनाया जा सके और बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर सकें। मौके पर दूसरे प्रशिक्षक निशा सिन्हा ने भी शिक्षकों को विषय से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान समूह चर्चा, गतिविधि आधारित सत्र, केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से थ्योरी ऑफ नॉलेज को अत्यंत रोचक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागी शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी और व्यवहारिक बताया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में केवल पाठ्यक्रम पढ़ाना पर्याप्त नहीं है। बल्कि विद्यार्थियों में सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता विकसित करना भी अत्यंत आवश्यक है। थ्योरी ऑफ नॉलेज पर आधारित यह क्षमता संवर्धन कार्यक्रम शिक्षकों को नई दृष्टि और नवीन शिक्षण पद्धतियों से सशक्त करता है।



**यमुनानगर।** के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में भाग लेते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**जताया आभार**

*कार्यक्रम में भाग ले रहे शिक्षकों ने संसाधन प्रशिक्षकों के अनुभव और मार्गदर्शन की सराहना की तथा सीबीएसई एवं विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। यह क्षमता संवर्धन कार्यक्रम शिक्षकों के लिए एक सकारात्मक, सीखने वाला और प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ।*

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 170 लोगों की सेहत जांची

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव बकाना व पलाका में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों ने दोनों शिविरों में 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई। वहीं, कुछ लोगों के रक्त की जांच की गई।

मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात डॉ. पूर्णमल ने बताया कि गांव बकाना में आयोजित शिविर में 123 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। जबकि आठ लोगों के रक्त एवं यूरिन परीक्षण किए गए।

जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी मरीजों को उपयुक्त परामर्श और निःशुल्क दवाइयां दी गईं। वहीं, गांव पलाका में आयोजित शिविर में 47 ग्रामीणों की जांच की गई और पांच लोगों के ब्लड व यूरिन टेस्ट किए गए। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए शहरों के चक्कर न लगाने पड़ें और आर्थिक तंगी के कारण कोई स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी सोच का परिणाम है जो स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे लोगों तक पहुंचा रही है। नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वास्थ्य कुरुक्षेत्र अभियान के अंतर्गत यह मेडिकल यूनिट न केवल बीमारियों के उपचार का माध्यम बन रही है। बल्कि लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता व नियमित व्यायाम अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है।



**यमुनानगर।** के गांव बकाना में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## अशोक डांगी को लगातार दूसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया



**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। इस बैठक का आयोजन किसान नेता साहिल सेतिया के निवास पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षता दीपराणा नंबरदार व अरविंन कांबोज द्वारा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष यादविंदर कांबोज, महेंद्र चमरोडी जिला संरक्षक विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करना था। जिसमें अशोक डांगी को लगातार दूसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सुरेश सांगवान, रोहित कांबोज दामला को उपप्रधान, मदनलाल कांजनु, जगमोहन औजला को महासचिव, योगेश्वर दत्त शर्मा, विनोद कांजनु को संगठन सचिव, गुरदयाल जुब्बल सचिव, राजेश चमरोडी सचिव, कर्ण चानना मिडिया प्रभारी, साहिल सेतिया नंबरदार को जिला मीडिया प्रभारी व मास्टर जमशेर राणा लालछप्पर को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया। मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुभाष गुर्जर ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव में कमेटियों का गठन किया जाएगा। जिले के हर ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित की जायेगी। यह संगठन किसान मजदूर व आम लोगों के लिए है। ताकी हर सरकारी कार्यालय में गरीब किसान, मजदूर को सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी सरकारी कार्यालय में किसी किसान के साथ बदसलुकी की गई तो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।

**सुविधा** गुमथला सफाई कर्मचारियों को सौंपी ई-रिक्शा

## गांव को स्वच्छ बनाने में करें सभी ग्रामीण सहयोग: प्रवीन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

जिले के गांव गुमथला को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए पंचायत ने सफाई कर्मचारियों को ई.रिक्शा प्रदान की है। गांव के सरपंच प्रवीन कुमार व सफाई समिति के अध्यक्ष डॉ. शुभम सलूजा ने ई.रिक्शा का शुभारंभ करते हुए उसकी चाबी गांव के सफाई कर्मचारियों को सौंपी है।

सरपंच प्रवीन कुमार ने कहा कि गांव गुमथला को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग जरुरी है। क्योंकि ग्रामीणों के सहयोग के बिना यह कार्य सफल हो पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छता के लिए और गांव को सुंदर बनाए रखने के लिए सभी ग्रामीण जहां अपने आसपास साफ सफाई पर ध्यान दें, वहीं, गीले व सूखे कचरे को खुले में बाहर व गलियों में आदि में ना फेंके। मौके पर सफाई समिति के अध्यक्ष डॉ. शुभम सलूजा ने बताया कि ई.रिक्शा के माध्यम से सफाई कर्मचारी गांव में डोर टू डोर पहुंचकर कचरा का उठान करेंगे। ताकि गांव में कहीं पर भी कूड़ा कर्कट जमा ना हो सके। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण गांव को साफ सूथरा व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। ग्रामीण अपने घरों का कचरा ईधर उधर न फैंके। कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालें। स्वच्छता में ही भगवान का वास होता है। इस अवसर पर अर्जुन पंडित, पंच अजय राणा, सुशील मेहता, चमकौर सिद्धु व बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** के गांव गुमथला में डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए ई .रिक्शा का शुभारंभ करते सरपंच व अन्य। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

# हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड ने आमजन का जीना किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बर्फीली हवाओं के चलते हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड ने आमजन का जीना बेहाल किया हुआ है। शीतलहर के चलते हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड के चलते आम जनजीवन ठहर सी गई है। तेज गति से चल रही ठंडी हवाओं ने आम जनजीवन को और अधिक झकझोर दिया है। तापमान में गिरावट लगातार जारी है। ठंड के चलते लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे है। आम जनजीवन के साथ-साथ सड़कों पर दौड़ने वाली गाड़ियों की रफ्तार भी धीमी पड़ गयी है। ठंड के चलते रिक्शा चालक, ठेला चालक समेत मजदूरी को शहर पहुंचे लोग जगह-जगह अलाव जलाकर राहत ले रहे हैं। बर्फीली हवाओं के कारण दिन भर हाथ-पैर सुन रहने लगे है।

### धूप में भी ठंड से निजात नहीं

*हालांकि दिन में धूप तो खिलती है लेकिन ठंड से फिर भी कोई निजात नहीं मिल पा रही है। जब तक धूप के संपर्क में रहते है तब तक ठंड से कुछ राहत जरुर मिलती है लेकिन घरों, कार्यालयों में अंदर बैठने पर ठंड सताने लगती है। धर्मनगरी में बुधवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ठंड के कारण खेतों में काम करने वाले मजदूर एवं किसान कृषि कार्यों को छोड़ अलाव का सहारा लेने पर मजबूर हुए। ठंड का सबसे ज्यादा असर रोज कमाने खाने वाले मजदूरों पर पड़ रहा है। ऐसे गरीब तबके के परिवारों पर शीतलहर व ठंडी कहर मुसीबत बनकर आ पड़ी है। बॉक्स*

### अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

*ठंड बढ़ने से अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में रोजाना वायरल संक्रमण से प्रभावित मरीज पहुंच रहे है। इसकी चपेट में आने वाले व्यक्ति के गले में दर्द, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द होने जैसे समस्या होती है। इन दिनों सांस के मरीजों की हालत भी खराब है। सांस के मरीज ठंडे व खट्टे पदार्थों का सेवन न करें। इसके अलावा वायरल वाले मरीजों के लिए जरूरी हैं कि वे गर्म चीजों का सेवन करें। चिकित्सक की मनाही न हो तो ड्राई फ्रूट का सेवन कर सकते हैं, जबकि गर्म तरल पदार्थ जैसे दूध, सूप का नियमित सेवन करना भी काफी फायदेमंद रहेगा।*

### क्या कहते हैं कृषि विशेषज्ञ

*कृषि विशेषज्ञों के अनुसार खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के लिए यह मौसम काफी फायदेमंद है। पाला पड़ने से गेहूं का फुटाव बेहतर होगा, जिससे उत्पादन अच्छा होने के आसार हैं। इसके अलावा पीला रतुआ फैलने के आसार भी बन जाते है। ठंड से गेहूं, चना और जौ की फसल को काफी फायदा होगा। हालांकि सरसों की फसल को अधिक ठंड से नुकसान हो सकता है। पाला जमने से सरसों की बढ़ोतरी रुक जाती है। वहीं 'यादा ठंड बढ़ने के कारण सरसों का दाना पतला बनता है। विशेषज्ञ के अनुसार आलू, टमाटर, बैंगन, मिर्च इत्यादि के लिए यह नुकसानदायक होगा।*

## खबर संक्षेप



### आयुष विवि के चिकित्सकों ने जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लाडवा स्थित ओपीजीएम पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 125 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां निशुल्क प्रदान की गईं।

### भंडारे में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था जेसीआई कुरुक्षेत्र द्वारा अपने नए सत्र की शुरूआत दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे के साथ की गई। जेसीआई कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त प्रधान आशीष मल्होत्रा एडवोकेट ने बताया कि जेसीआई कुरुक्षेत्र के सदस्यों ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी के चरणों में नतमस्तक होकर सामाजिक कार्यों की शुरूआत की। इसी कड़ी में जेसीआई कुरुक्षेत्र द्वारा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें साधु-संतों और श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी चावल, पूड़ी सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरित किया।

## नोटिस जारी होने के बावजूद भी निर्माण नहीं रोका

# 5.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा

### सस्ती ज़मीन के लालच में न आएं, अवैध कॉलोनियों से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**उपायुक्त ने आदेश पर गांव दुराला और रतनडेरा में की गई कार्रवाई**

कुरुक्षेत्र। अवैध निर्माण ढहाता पीला पंजा। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र ने दो जगहों पर लगभग 5.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दुराला में 1 एकड़ व गांव रतनडेरा में ही 4.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र के गांव दुराला में 1 एकड़ व गांव रतनडेरा में ही 4.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों में बनी कच्चा रोड, नेटवर्क, डीपीसी और चारदीवारी सहित अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दुराला में 1 एकड़ व गांव रतनडेरा में ही 4.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

### डीटीपी कार्यालय से ले जानकारी

लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

# शुभम कश्यप को मिला पीएम के समक्ष विचार प्रस्तुत करने का गौरव : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- शुभम कश्यप को भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाने के विषय पर प्रदेश में पाया द्वितीय स्थान

मेरा युवा भारत कुरुक्षेत्र के उप निदेशक सुरमयी शर्मा ने कहा कि माई भारत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के रूप में कुरुक्षेत्र के युवा शुभम कश्यप सक्रिय हैं, जिसने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग विकसित भारत चैलेंज के अंतर्गत आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाने विषय पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। युवा शुभम कश्यप ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप शुभम कश्यप को राष्ट्रीय युवा महोत्सव, विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा।

### युवाओं के लिए गर्व का विषय



शुभम कश्यप।

यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे हरियाणा और कुरुक्षेत्र जिले के युवाओं के लिए गर्व का विषय है। शुभम कश्यप को सामाजिक सेवा एवं युवा नेतृत्व के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ लगभग 5 वर्षों तक सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त वे नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) / माई भारत केंद्र, करनाल के साथ 2-3 वर्षों से निरंतर रूप से जुड़े हुए हैं, जहां उन्होंने युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की है। शुभम कश्यप की यह उपलब्धि यह प्रमाणित करती है कि समर्पित युवा नेतृत्व, सामाजिक सहभागिता और नवाचारी सोच के माध्यम से भारत को विश्व पटल पर अग्रणी राष्ट्र बनाया जा सकता है।

### कुवि में आज जुटेगी कश्मीर की युवा शक्ति

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर के 30 प्रतिभावान छात्रों का एक विशेष प्रतिनिधिमंडल 8 जनवरी 2026 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक परिसर का दौरा करेगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और आपसी समझ को बढ़ावा देना है, ताकि युवा पीढ़ी भारत की विविधता और साझा विरासत को करीब से समझ सके। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस दौरे का एक खास आकर्षण इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के साथ होने वाला विशेष संवाद सत्र रहेगा।

### रामकुंडी में आज नागरिकों को किया जाएगा जागरूक : सैनी



**लाडवा।** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर जिला प्रशासन द्वारा लाडवा के रामकुंडी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए 8 जनवरी को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नागरिकों से मौके पर ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आवेदन भी करवाए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा के नागरिकों से इस शिविर में हिस्सा लेने की अपील की। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर यूएचबीवीएन ने कुरुक्षेत्र जिले में घरों पर सौर ऊर्जा के प्लांट स्थापित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है।

# परमात्मा को समर्पित भाव से किया गया कर्म बन जाता मोक्ष का साधन : ज्ञानानंद

- गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित पांच दिवसीय गीता चेतना शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सकट चतुर्थी पर गणेश जी की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में जिओ गीता द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित पांच दिवसीय गीता चेतना शिविर आज विधिवत रूप से संपन्न हुआ। समापन अवसर पर गीता मनीषी ने श्रीमदभगवद गीता के 18वें अध्याय मोक्ष संन्यास योग का भावपूर्ण गूढ एवं अत्यंत जीवनोउपयोगी विवेचन किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने उदबोधन में कहा कि गीता का 18वां अध्याय संपूर्ण गीता का सार है, जिसमें कर्म, ज्ञान, भक्ति और संन्यास का अनूठा समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्चा संन्यास कर्मों का त्याग नहीं, बल्कि कर्म फल की आसक्ति का त्याग है। जब मनुष्य अपने सभी कर्म परमात्मा को समर्पित भाव से करता है, तो वही कर्म मोक्ष का साधन बन जाते हैं। गीता मनीषी ने बताया कि मनुष्य को जीवन उसके चिंतन, आचरण और अनुभव से निर्मित होता है। व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही उसका व्यक्तित्व बनता है। सकारात्मक चिंतन जीवन को ऊंचाइयों की ओर ले जाता है। जबकि नकारात्मक विचार मनुष्य को भीतर से कमजोर कर देते हैं।

# जनगणना 2027 होगी भारत की पहली डिजिटल जनगणनाः विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि देश में होने वाली जनगणना 2027 भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसको जिले में गंभीरता से पूर्ण किया जाएगा। जनगणना का कार्य 18 महीने तक चलेगा। इसको लेकर जनवरी के दूसरे सप्ताह में अधिकारियों को केंद्रीय टीम की तरफ से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्र को तहसील स्तर पर और शहरी क्षेत्र को परिषद व पालिकाओं में विभाजित करके गणना की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### अधिकारियों को निर्देश

इस बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय हरियाणा से सहायक निदेशक चंचल राजावत व जिला जनगणना प्रभारी मंजू जांगड़ा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की जनगणना को लेकर तय किए गए बिंदुओं से अवगत करवाया और देश में होने वाली पहली डिजिटल जनगणना पर विस्तृत प्रस्तुति दी। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य द्वारा सभी संबंधित नोडल अधिकारी एवं चार्ज अधिकारियों को जनगणना से सम्बन्धित बिंदुओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए और भारत की जनगणना को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अमन कुमार, डीडीपीओ विकास, जिला सांख्यिकी अधिकारी जसविंदर कौर, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, बीडीपीओ रुबल, बीडीपीओ विनोद, बीडीपीओ आशुतोष, नपा सचिव नीरज आदि रहे।

# सरकार समान विकास और धार्मिक स्थलों के उत्थान के लिए कार्य कर रही : कलसाना

- संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास के मंदिर के लैंटर कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



**शाहबाद।** नवनिर्मित कमरे का उद्घाटन करते सुभाष कलसाना व अन्य।

शाहबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव डल्ला माजरा में विकास योजनाओं की शुरूआत की गई और नवनिर्मित विकास योजनाएं जनता को समर्पित की गई। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास जी के मंदिर के लैंटर कार्य का विधिवत शुभारंभ पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ किया और सांसद नवीन जिंदल द्वारा दी गई विकास राशि से गांव के स्वर्ग आश्रम में नव-निर्मित कमरों को भी ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। जिसके लिए सुभाष कलसाना और ग्रामीणों ने सांसद नवीन जिंदल के विशेष प्रयासों और सहयोग की सराहना की और आभार व्यक्त किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि कमरे के निर्माण से सामाजिक और धार्मिक कार्यों के दौरान ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार समान विकास, मूलभूत सुविधाओं और धार्मिक स्थलों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान गांव के सरपंच रामकरण ने सुभाष कलसाना व अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया और गांवों की मांगों से सम्बंधित मांग पत्र सुभाष कलसाना को सौंपा। इस अवसर पर सरपंच मान सिंह देसवाल, दीपक आनंद, एडवोकेट मनदीप रावा, तिलक राज, श्याम रावत, बिट्टू थडौली सहित अनेक भाजपा कार्यकत्र्ता मौजूद रहे।

**सावधानी** सर्दी बढ़ते ही वायरल मरीजों में 20-30 प्रतिशत तक इजाफा

### कान दर्द, भारीपन और सुनने में कमी की बढ़ी शिकायतें

# लंबे समय तक रहने वाला जुकाम बन रहा कानों के लिए खतराः डॉ. ऋषिपाल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी बढ़ने के साथ ही वायरल बीमारियों के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस मौसम में जुकाम तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इसका सीधा असर अब कानों पर भी देखने को मिल रहा है। सामान्य तौर पर ठीक होने वाला जुकाम इस बार कई दिनों तक बना रह रहा है, जिससे कानों में दर्द, भारीपन और सुनने में कमी जैसी समस्याएं सामने आ रही है। यह कहना है जाने-माने नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ.ऋषिपाल गुप्ता का। उन्होंने बताया कि जनरल ओपीडी में मरीजों की संख्या 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है, जिससे कई रोगियों के कान में दर्द या भारीपन हो रहा है, उन्हें सुनाई कम देना या आवाज गूंजने जैसी समस्यायों से जूझना पड़ रहा है,उन्हें अक्सर कान में सीटी बजने जैसी आवाज सुनाई देती हैं, सिरदर्द और चक्कर के अलावा उनके कान से तरल पदार्थ का रिसाव भी होना पाया गया है।

### फेफड़ों की बीमारियों का भी खतरा



डॉ. ऋषिपाल गुप्ता।

जुकाम का असर सीधे कानों पर दिखाई दे रहा है। कई मामलों में कान के पर्दे पर नुकसान पहुंचाने की शिकायतें भी आई हैं। लंबे समय तक जुकाम बने रहने पर नाक और कान को जोड़ने वाली यूस्टेशियन ट्यूब में सूजन आ जाती है। डॉ.ऋषिपाल के मुताबिक जुकाम के ठीक न होने की स्थिति में फेफड़ों की बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। जुकाम को हल्के में लेना आगे चलकर और गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। लगातार बना रहने वाला जुकाम फेफड़ों तक संक्रमण पहुंच सकता है, जिससे निमोनिया जैसी खतरनाक बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में खासकर बुजुर्गों,बच्चों और कमजोर प्रतिरोधी क्षमता वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने जनता को सलाह दी कि जुकाम के शुरूआती लक्षण दिखते ही इलाज शुरू किया जाए, खुद से दवाइयां लेने से बचें और तुरंत नाक-कान-गला विशेषज्ञ से संपर्क करें। परिजनों को यह बात ध्यान में रखने की जरूरत है कि लम्बे समय तक रहने वाला जुकाम कानों पर असर डाल रहा है। वायरल जुकाम को हल्के में लेने से कई बार कान के पर्दों पर इसका दुष्प्रभाव आता है। बच्चों में ऐसे ज्यादा आ रहे हैं। ऐसे में परिजन को और ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है।

### जन कल्याण मंच ने जरूरतमंद लेबर को बांटे कम्बल



**कुरुक्षेत्र।** सर्दी से बचाने हेतु जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र निरंतर आगे बढ़कर जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों एवं वृद्धो की सेवा कर रहा है इसी कड़ी को बढ़ाते हुए जोगनाखेड़ा में चल रहे निमार्णाधीन पावर हाउस में जरूरतमंद लेबर को सर्दी से बचाने हेतु जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) ने संस्था के प्रधान दलबीर मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत शर्मा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर, महासचिव बलदेव सिंह सैनी, सलाहकार राजकुमार वालिया, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा, प्रचार सचिव संजय शर्मा की दखरेख में कंबल वितरित किए गए। इसअवसर पर संस्था के प्रधान दलबीर मलिक के अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर, सलाहकार राजकुमार वालिया, प्रचार सचिव संजय शर्मा, प्रोजेक्ट एडवाइजर हेमंत यादव, प्रैस सचिव शिव किरमच, समाजसेवी एम.पी.शर्मा, आडिटर के.सी. वर्मा, प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर, सचिव कुलदीप सिंह सैनी, ऑडिटर के. सी. वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।



**शाहाबाद।** जरुरतमंदों को वस्त्र वितरित करते रोटरी क्लब शाहाबाद के सदस्य।

### रोटरी क्लब ने जरुरतमंदों को बांटे वस्त्र

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा माँ शकुंभरी देवी मंदिर, शाहाबाद मारकंडा परिसर में उपयोगी वस्त्र वितरण सेवा परियोजना का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कुल 550 पैकेट उपयोगी कपड़ों का वितरण किया गया। रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के लोगों को सम्मान और सर्द मौसम में राहत प्रदान करना है। इस सेवा परियोजना का उद्देश्य केवल वस्त्र देना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में गर्माहट, सम्मान और आत्मविश्वास देना है। रोटरी क्लब समाजहित में सदैव तत्पर रहा है और आगे भी ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर माँ शकुंभरी देवी मंदिर के प्रधान सुरेन्द्र जैन तथा मंदिर सभा के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, राज कुमार गर्ग, एस. सी. सिंगला, महेश गोयल, परवीन ठकराल, सिद्धार्थ नागर, पायल, सीमा और मंदिर सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति एवं सक्रिय सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि इस मामले शिकायतकर्ता राज कमल ने 3 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव बरौली में आरोपी प्रदीप व अन्य ने उसके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अंबाला शहर में चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रम सिंह उर्फ राजन को गिरफ्तार किया है। परिवादी हसन ने 4 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 जनवरी 2026 नावल्टी चौक के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी से अब मोटरसाइकिल बरामद की है।

### जान से मारने की धमकी के केस में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी अर्जुन उर्फ लवी व कार्तिक को गिरफ्तार किया है। परिवादी अंकित ने 15 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2025 को आरोपी अर्जुन उर्फ लवी व कार्तिक व अन्य ने उससे तथा उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मकान दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी से रूपये हड़पने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी संजय कुमार ने 30 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अक्तूबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 के दौरान आरोपी अजय कुमार व अन्य ने आसा सिंह गार्डन में उससे मकान दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी से एक बड़ी रकम हडपने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

सार्वजनिक अपमान पर मेयर के तीखे तेवर

# कमिश्नर पर मानहानि का आरोप, पांच करोड़ मांगे

**कानूनी नोटिस भेजकर 15 दिन में मांगा जबाव, पैरवीकार बोले-पराजित विधायक से विकास योजनाओं का शिलान्यास कर मेयर के पद की गरिमा को जानबूझकर पहुंचाई गई ठेस...**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा व कमिश्नर वीरेंद्र लाठर की लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। मेयर ने सार्वजनिक अपमान को लेकर अब कमिश्नर को लीगल नोटिस भेजकर पांच करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है। मेयर ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वकील जगदीप सिंह राणा के जरिए कमिश्नर को यह नोटिस भेजा है। नोटिस में राणा ने कमिश्नर पर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने के साथ ही नगर विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम एक पराजित विधायक के माध्यम से कराए जाने की अनुमति देने के आरोप लगाए। राणा का आरोप है कि इसके लिए कमिश्नर ने पराजित विधायक को प्रोत्साहित किया, जबकि उनकी मुवक्किल निर्वाचित मेयर एवं नगर निगम सदन को जानबूझकर इससे बाहर रखा गया। राणा ने नोटिस में कहा कि यह लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रतिकूल हैं। नगर निगम सदन की वैधानिक स्वीकृति से रहित है। सरकारी व्यय हेतु किसी भी प्रकार के वैध अनुमोदन या कानूनी संस्वीकृति के बिना है। नोटिस में कमिश्नर पर एक पराजित राजनीतिक व्यक्ति को नगर विकास से जुड़े सार्वजनिक कार्य संपादित करने की अनुमति देकर जानबूझकर मेयर की गरिमा एवं अधिकार को कम किए जाने के आरोप भी लगाए गए। उन्होंने कहा कि इससे जनता के समक्ष यह झूठा संदेश प्रस्तुत किया है कि मेयर अप्रासंगिक या शक्तिहीन है। लोकतांत्रिक जनादेश की पवित्रता को कमजोर किया है।

कि विधिसम्मत अधिकार के बिना तथा महापौर का उल्लेख किए बिना शिलापट्ट, पट्टिकाओं अथवा अभिलेखों की स्थापना एक सतत अवैध एवं मानहानिकारक कृत्य है। इसके अतिरिक्त नोटिस में राणा ने कहा कि उक्त सभी शिलान्यास, पट्टिकाएं एवं अभिलेख मेयर की अनुपस्थिति एवं उनकी सहमति के बिना किए जा रहे हैं जो मेरी गरिमा एवं छवि को क्षति पहुंचाने का आपका जानबूझकर किया गया प्रयास है।


मेयर शैलजा सचदेवा

> राणा ने नोटिस में कहा कि यह लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रतिकूल

### क्षति केवल प्रतीकात्मक या नाममात्र नहीं

कि मेरे मुवक्किल को हुई क्षति केवल प्रतीकात्मक या नाममात्र नहीं है बल्कि यह गंभीर, सतत एवं दूरगामी है जो वर्तमान एवं भविष्य में सार्वजनिक कर्तव्यों के निर्वहन को प्रभावित कर रही है। नोटिस में क्षतिपूर्ति की राशि का आंकलन 5,00,00,000 ( पांच करोड़ रुपये मात्र) किया गया है। इससे मेयर अपनी प्रतिष्ठा, गरिमा एवं परिणामी क्षति के लिए व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने के अधिकारी है। वकील की ओर से जारी नोटिस में कमिश्नर को 15 दिनों के भीतर निर्वाचित मेयर अथवा नगर निगम सदन की अवहेलना, उपेक्षा अथवा अपमान करने वाले किसी भी कृत्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने की बात कही गई। बिना वैधानिक स्वीकृति, गैरकानूनी रूप से एवं मेयर के अधिकारों के प्रतिकूल किए गए सभी शिलान्यास, पट्टिकाओं एवं औपचारिक कार्यों को हटाने, निरस्त करने एवं विधिसम्मत रूप से सुधार करने के निर्देश दिए गए। विधि के अनुसार नियमित रूप से नगर निगम सदन की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित कर, निगम के विधिसम्मत कार्य संचालन को पुनः स्थापित करने की भी बात कही गई है। उन्होंने नोटिस में कहा कि मेरे मुवक्किल की मानहानि करने वाले अवैध कृत्यों को स्वीकार करते हुए एक लिखित स्पष्टीकरण एवं बिना शर्त माफी मांगी जाए। मेरे मुवक्किल को हुई क्षति की भरपाई के लिए 5,00,00,000/ का भुगतान किया जाए।

यदि निर्धारित 15 दिनों की अवधि में उपर्युक्त मांगों की पालन न होने पर कमिश्नर को कानूनी कार्रवाई का सामना करने की बात कही गई है। क्षतिपूर्ति वसूली के लिए दीवानी वाद दायर करने की भी बात ही गई है।

### नोटिस में कहा

राणा ने नोटिस में यह भी कहा कि इससे मेयर की मानहानि एवं प्रतिष्ठा को क्षति कि कृत्यों एवं चूकों के परिणामस्वरूप उनकी मुवक्किल की प्रतिष्ठा, गरिमा एवं सार्वजनिक छवि को गंभीर एवं अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने कमिश्नर पर मेयर के सार्वजनिक अपमान, अधिकारियों एवं नागरिकों के बीच अधिकार का ह्रास, पद के प्रति जनता के विश्वास का क्षरण, मानसिक पीड़ा एवं व्यावसायिक अपमान होने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कमिश्नर का यह आचरण दीवानी एवं आपराधिक मानहानि, दोनों के दायरे में स्पष्ट रूप से आता है। मेरे मुवक्किल को जानबूझकर अक्षम, दरकिनार किया गया एवं अधिकारविहीन दर्शाया गया है।

---

कई दिन तक कोहरा पड़ने की संभावना

# कड़ाके की सर्दी से आमजन का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मौसम विभाग का दावा: ठंड के तेवर बरकरार रहने की उम्मीद

ठंड ने लोगों की न करवाई हुई है। बुधवार को भी कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। सुबह से शाम तक शीतलहर ने लोगों बेहाल किया। पिछले कई दिनों से तापमान कभी कम तो कभी बढ़ रहा है। मौसम में बदलाव होने से लोगों को परेशानी हो रही है और बीमारियां भी चपेट में ले रही हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक शीतलहर चलने के साथ घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### आगे मौसम का हाल

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि कोहरा छाने से ठंड में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। घना कोहरा और शीतलहर चलने को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्र में कोहरे का ज्यादा असर रहता है। इसी तरह 12 जनवरी तक कोहरा छाने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को सुबह व शाम को घना कोहरा छा सकता है। दिन में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 9 जनवरी को सुबह व शाम को घना कोहरा छा सकता है। दिन में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 10 जनवरी को सुबह व शाम को घना कोहरा छाने की संभावना है।

---

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने दी जानकारी

# विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को कारोबार के लिए मिलेगा तीन लाख का ऋण

**अंबाला।** जिला प्रबधंक हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा विधवा व तलाकशुदा महिलाओं के लिए ऋण योजना चलाई जा रही है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि महिला विकास निगम के माध्यम से विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से 3 लाख रूपए तक के ऋण दिलवाने की योजना शुरू की गई है। जिला के लिए वित वर्ष 2025-26 का 50 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के अंतर्गत जिन महिलाओं की वार्षिक आय 3 लाख रूपए तक तथा आयु 18 से 60 वर्ष है इस स्कीम की पात्र होगी। इसमें कुल ऋण का 10 प्रतिशत हिस्सा महिला को स्वयं वहन करना होगा तथा शेष राशि बैंकों के माध्यम से दी जाएगी। बैंक ऋण के उपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रूप में अदा की जाएगी।

### इन कामों के लिए मिलेगा ऋण

जिला प्रबंधक सुमन बाला ने बताया कि विभिन्न क्रियाकलापों के लिए जैसे कि बुटीक, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला, आचार इकाइयों, खाद्य प्रसंस्करण, कैरी बैग का निर्माण, बेकरी, रेडीमेड गारमेंट्स, कम्प्यूटर जांच वर्कर्स इत्यादि तथा अन्य किसी भी कार्य जिसको महिला करने में सक्षम हो के लिए ऋण बैंकों के माध्यम से दिलवाए जाते हैं।

---

# आईएमटी का विरोध शुरू, दो गांवों के किसान बोले एक इंच जमीन नहीं देंगे

- भाकियू शहीद भगत सिंह से जुड़े किसान बोले- नडियाली व खैरा के किसी किसान ने आईएमटी के लिए जमीन देने के लिए नहीं किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुछ किसानों ने आईएमटी का विरोध भी शुरू कर दिया। इसको लेकर किसानों ने नडियाली गांव के गुरुद्वारा साहिब में बुधवार को अहम बैठक की। यह बैठक भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेतृत्व में हुई। किसानों ने आईएमटी के लिए जमीन न देने का फैसला लिया। किसानों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने किसानों की बिना सहमति के कोई कदम उठाया तो यूनियन उसका विरोध करते हुए लड़ाई लड़ेगी।

### जिला प्रधान गुरमीत सिंह माजरी ने कहा

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के जिला प्रधान गुरमीत सिंह माजरी ने कहा कि नडियाली व खैरा के किसानों ने यूनियन को लिखित में संदेश दिया था कि वह आईएमटी के लिए अपनी जमीन को देना नहीं चाहते। इसके बाद किसानों ने यह बैठक रखी। किसानों ने कहा कि आईएमटी के लिए वह अपनी जमीन को नहीं देना चाहते हैं। किसानों ने यह भी कहा कि नडियाली व खैरा गांव के किसान अपनी जमीन देने के लिए सहमत नहीं है। वह अपनी जमीन से एक भी हिस्सा नहीं देना चाहते और न ही किसानों ने पोर्टल पर जमीन देने के लिए चढ़ाई है। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बताया कि अगर सरकार बिना सहमति के आईएमटी के लिए किसानों की जमीन लेने को लेकर कोई कदम उठाती है तो उसका यूनियन हर तरीके की लड़ाई लड़ेगी।

---

15 साल बाद ब्लॉक बदलने की शर्त लगाना गलत

# प्राइमरी टीचरों ने ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध कर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक राजकीय मॉडर्न संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुई। इसकी अध्यक्षता खंड प्रधान तरविंदर शर्मा एवं वरिष्ठ अध्यापक नेता मोहनलाल ने की। बैठक में बड़ी संख्या में अध्यापकों ने भाग लेकर वर्तमान में चल रही ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर अपने विचार रखे। खंड प्रधान तरविंदर शर्मा ने कहा कि स्थानांतरण नीति में अध्यापकों को 15 वर्ष के ठहराव के बाद खंड बदलने का जो नियम लागू किया गया है। यह किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन जिलों में अध्यापकों की संख्या 95 प्रतिशत से कम है, उन्हें स्थानांतरण प्रक्रिया से बाहर रखना भी न्याय व्यवस्था के विपरीत है। ऐसी नीतियां अध्यापकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।


अंबाला। बैठक में भाग लेने वाले शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

वरिष्ठ अध्यापक नेता मोहनलाल ने कहा कि यह स्थानांतरण नीति प्रदेश के स्वर्गीय सीएम बंसीलाल के समय की नीतियों की याद दिलाती है। बैठक में विद्यालयों में बिना वेतन के स्वैच्छिक रूप से सफाई कार्य कर रहे कर्मियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इस पर सभी ने कहा कि जिन सफाई कर्मियों के नाम खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पहले ही भेजे जा चुके हैं। उन्हें शीघ्र विभाग द्वारा नियुक्ति दी जानी चाहिए ताकि विद्यालयों में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। संघ के पदाधिकारियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से इन सभी मांगों का शीघ्र अति शीघ्र समाधान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर सुरेंद्र मोहन, सुखबीर, रोहित, ओम लाल, प्रवेश, मीतू मित्तल, रजनी वाला, रेखा एवं गोल्डी सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

---


अंबाला। निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

भाजपा नेता बोले, सीएम की अगुवाई में हो रहा विकास

# 99 लाख की लागत से कई विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में विकास का पहिया तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सशक्त नेतृत्व और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के सतत प्रयासों के चलते अंबाला शहर में लगातार लाखों और करोड़ों रुपये के विकास कार्य धरातल पर उतर रहे हैं। शहर को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को अंबाला शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 98 लाख 73 हजार रुपये की लागत से विकास कार्यों की विधिवत शुरुआत की गई। इन विकास कार्यों का शुभारंभ भाजपा के मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, महामंत्री संजीव गोयल तथा संबंधित वार्डों के पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 में लगभग 7.89 लाख रुपये, वार्ड नंबर 4 में लगभग 13 लाख रुपये, वार्ड नंबर 9 में करीब 38 लाख, वार्ड नंबर 12 में लगभग 39 लाख तथा वार्ड नंबर 20 में लगभग 9.59 लाख की लागत से विभिन्न कार्य शुरू किए गए हैं। इन कार्यों में सड़क निर्माण, गलियों का सुधार सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े कार्य शामिल हैं।

### यह रहे मौजूद

भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल के मार्गदर्शन में अंबाला शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं संबंधित वार्ड के निगम सदस्य हितेश जैन ने भी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा। इस मौके पर संजीव गोयल टोनी,गुरप्रीत सिंह शाना,अमन सूद,रोमी ग्रोवर,चंद्रमोहन फौजी,जसबीर सिंह,दिनेश सूद(पिंकू) अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

---

720 मीटर लंबा यह पुल 11 मीटर चौड़ा होगा

# रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 70 फीसदी पूरा, करीब तीन महीने में पूरा होगा काम

- करीब 20 करोड़ आएगी लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मानव चौक व अग्रसेन चौक के बीच बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य फिर शुरू हो गया है। 720 मीटर लंबाई वाले व 11 मीटर चौड़े बन रहे इस रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण से वाहन चालकों को बेहद फायदा होगा। काफी समय से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लटका हुआ था। अब इसका 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि 30 प्रतिशत कार्य को 30 अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर समय-समय पर विकास परियोजनाओं पर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से एवं पूरी गुणवत्ता से करने बारे निर्देश भी देते हैं। एनएचएआई के कार्यकारी अभियंता अरूण सिंहमार ने बताया कि इस परियोजना पर अनुमानित खर्चा 19 करोड 512 लाख रूपए आना है। परियोजना के तहत लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है और 30 प्रतिशत कार्य को अप्रैल 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना के पूरा होने के बाद निर्माण एजेंसी चार साल तक इस कार्य का रख-रखाव करेगी। इस परियोजना एवं रेलवे ओवर ब्रिज बनने के बाद यातायात के आवागमन में आसानी होगी। पहले से ही यहां पर जो पुल बना हुआ है। उस पर वाहनों के ज्यादा आवागमन के कारण इस नए पुल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पूर्व विधायक असीम गोयल ने इसे मंजूर करवाया था। उन्होंने बताया कि इस नए पुल के बनने से लोगों को काफी लाभ होगा।

### काम तेजी से चल रहा

मानव चौक व अग्रसेन चौक के बीच निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों को इस कार्य को तेजी से करने बारे निर्देश भी दिए गए हैं। बता दें कि केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से एलिवेटिड वाया डक्ट फ्लाईओवर को लेकर मार्च 2024 में मंजूरी मिलने के बाद निर्माण के लिए करीब 4.85 करोड़ रूपए का बजट भी बढ़ाया गया है। डेटलाइन के मुताबिक इस पर काम भी चल रहा है।

---

पीएम श्री विद्यालय में कार्यक्रम

# शिक्षण कार्य की रूपरेखा एवं रणनीतियों पर गहन मंथन

- दो दिवसीय रेमेडिएशन ट्रेनिंग के दो बैच साथ-साथ चलाए गए

**शहजादपुर।** पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय रेमेडिएशन ट्रेनिंग के दो बैच साथ-साथ चलाए गए। ट्रेनिंग के पहले दिन की शुरुआत प्रभु वंदना से की गई। इसके उपरांत हिंदी विषय में निपुण लक्ष्यों के अनुसार छात्र प्रगति ट्रैकिंग एवं शैक्षणिक सहयोग, रेमेडियल कार्य योजना की पृष्ठभूमि, दक्षता आधारित शिक्षण कार्य की रूपरेखा एवं रणनीतियां, रिमेडियल शिक्षण रणनीतियों एवं गतिविधियों के हैंड्स ऑन अनुभव आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित गतिविधियां करवाई गई। इस दौरान केआरपी की भूमिका एबीआरसी रेखा रानी, परमजीत और गीता देवी द्वारा निभाई गई। डीआरजी की भूमिका बीआरपी डॉ. आरती त्यागी एवं बीआरजी की भूमिका बीआरपी नेहा रानी, वीना रानी, एबीआरसी पूनम रानी और एबीआरसी सुधा शर्मा द्वारा निभाई गई। ट्रेनिंग के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी के द्वारा निरीक्षण किया गया।

---

**खुशी** | आईएएस संगीता तेतरवाल ने स्लम बस्तियों में रहने वाले बच्चों के साथ मनाई लोहड़ी

बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से अंबाला छावनी के बाल भवन में कार्यक्रम आयोजित

# पर्व जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा व नई शुरुआत का देते संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से अंबाला छावनी के बाल भवन में बुधवार को लोहड़ी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर की पत्नी तथा प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की निदेशक व विशेष सचिव (आईएएस) संगीता तेतरवाल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। तेतरवाल ने स्लम एरिया, झुग्गी बस्तियों, अनाश्रित बच्चों एवं बाल भवन से जुड़े बच्चों के साथ लोहड़ी पर्व मनाया। बच्चों को गर्म जैकेट, मूंगफली, रेवड़ी व गचक वितरित की। इस अवसर पर सीईओ शिवालिक बोर्ड पूजा कुमारी भी उपस्थित रहीं। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्यातिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तेतरवाल ने उपस्थित सभी को नववर्ष, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये पर्व जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई शुरुआत का संदेश देते हैं। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर संवाद किया।



अंबाला। बच्चों के साथ नीचे बैठकर लोहड़ी मनाते हुए व आग जलाते हुए आईएएस संगीता तेतरवाल।

### गणेश वंदना से शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल भवन की बच्ची तान्या द्वारा गणेश वंदना से किया गया। मास्टर कुनाल ने ढोल प्रस्तुति दी। तनीषा शर्मा ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मुख्यअतिथि का धन्यवाद किया। नववर्ष के अवसर पर आयोजित हैप्पीनेस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा बच्चों के लिए गर्म जैकेट उपलब्ध कराने हेतु अपना एक माह का वेतन देने की घोषणा की गई थी। लोहड़ी उत्सव में बच्चों को जैकेट वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि बाल भवन के माध्यम से बच्चों को नि-शुल्क शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें कैरियर परामर्श, नैतिक शिक्षा, थिएटर, नृत्य, ललित कला, योग, मार्शल आर्ट, कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर एवं खेल गतिविधियां शामिल हैं। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी राजेश पूनिया अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।